## खबर संक्षेप

### बिहार की जनता भाजपा के बहकावे में आने वाली नहीं : कुमारी सैलजा

**नरवाना।** सिरसा सांसद सैलजा ने कहा कि बिहार की जनता को यह याद रखना होगा कि पिछली बार



भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री ने कितने बड़े-बड़े वादे किए थे अगर इन लोगों ने बिहार में विकास कार्य किए होते तो आज वहां के लोगों को अपनी धरती छोड़कर पेट भरने के लिए दूसरे राज्यों में जाकर काम न करना पड़ता। वहां की जनता अब सब कुछ जान चुकी है और इस बार भाजपा के बहकावे में आने वाली नहीं है वहां पर महागठबंधन की सरकार बनेगी। भाजपा ने तो हरियाणा की जनता से किए गए वायदे पूरे नहीं किए है। वे नरवाना क्षेत्र के गांव जाजनवाला में आयोजित एक समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रही थी।

### 29 अगस्त को देशभर में करेंगे प्रदर्शन : लांबा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ ने घोषणा के सात महीने बाद भी आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के गठन की अधिसूचना जारी न करने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए 29 अगस्त को देशभर में सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, नगर निगमों, पालिकाओं, परिषदों व विश्वविद्यालयों में विरोध गेट मीटिंग एवं प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। आंदोलन की अगली कड़ी में पे कमीशन के गठन,ओपीएस, रेगुलराइजेशन, निजीकरण पर रोक,लेबर कोड्स व एनसीपी की वापसी, रिक्त पदों को भरने, बकाया डीए डीआर का भुगतान आदि मांगों को लेकर 23 सितंबर को देशभर में जिला मुख्यालयों पर धरने प्रदर्शन किए जाएंगे। कर्मचारी आंदोलन जारी रखेंगे।

### पुलिस पहले अपराधी को पहले पकड़ती है, फिर पैर में गोली लगती है : दुष्यंत

**हिसार।** पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश में हो रहे एनकाउंटर को लेकर हरियाणा पुलिस पर तंज कसा है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज हालत यह है कि गुंडे सरेआम वारदात कर रहे हैं और पुलिस प्रदेश से गायब नजर आती है। पुलिस पर से लोगों का भरोसा उठ चुका है। हर अपराधी को पहले पुलिस पकड़ती है और फिर उसके पैर में गोली लगती है। ऐसे कारनामों पर तो पुलिस को गोल्ड मेडल मिलना चाहिए। दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश में बढ़ते अपराधों पर चिंता जताते हुए कहा कि प्रदेश में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। दुष्यंत चौटाला हिसार में नारनौंद के सिंघवा खास पहुंचे थे।

### हिमाचल डिप्टी सीएम की बेटी बनेगी गुरुग्राम के आईएएस अफसर की दुल्हन

**गुरुग्राम।** हिमाचल के डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की इकलौती बेटी डॉ. आस्था अग्निहोत्री शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। वह हरियाणा में गुरुग्राम जिले के जहाजगढ़ गांव के रहने वाले आईएएस अधिकारी सचिन शर्मा से शादी करेंगी। सचिन शर्मा हिमाचल कैडर के आईएएस अफसर हैं और ऊना के अंब में एसडीएम के पद पर तैनात हैं। दोनों के रिश्ते की जानकारी खुद मुकेश अग्निहोत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फोटो शेयर कर दी। उन्होंने लिखा- परिणय सूत्र में बंधेंगे डॉ. आस्था अग्निहोत्री एवं सचिन शर्मा हालांकि, अभी यह नहीं बताया गया है कि दोनों की शादी कब है।

#### असिस्टेंट प्रोफेसर हैं आस्था

आस्था अग्निहोत्री शिमला स्थित हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। उनकी मां सिम्मी अग्निहोत्री भी एचपीयू में ही कार्मिक प्रशासन विभाग में प्रोफेसर थीं। हालांकि 9 फरवरी 2024 को हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया था। वहीं सचिन शर्मा ने 2022 में पहले ही प्रयास में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास की थी। उन्होंने 233वीं रैंक हासिल की। सचिन शर्मा ने गुरुग्राम के के डीएवी स्कूल से 12वीं की परीक्षा पास की।

---

नई पहचान दिलाने के लिए 11 सप्ताह का मिशन निर्धारित किया, मुख्यमंत्री सैनी ने कहा

# कुरुक्षेत्र अब बनेगा देश का सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर, स्वच्छता को जन आंदोलन बनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र अब स्वच्छता में देश का सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर बनेगा। इस गीता स्थली को स्वच्छ बनाने के लिए 11 सप्ताह का एक मिशन निर्धारित किया गया है। इस मिशन के तहत 24 अगस्त से 7 नवंबर तक स्वच्छ कुरुक्षेत्र, मेरा कुरुक्षेत्र, मेरा अभियान, हर गली, हर माहौल्ला के साथ स्वच्छ हरियाणा की पहचान बनेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को गीता ज्ञान संस्थानम में जिला प्रशासन की तरफ से स्वच्छ कुरुक्षेत्र, मेरा कुरुक्षेत्र, मेरा अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, हरियाणा के पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, भाजपा के जिला अध्यक्ष तेजेन्द्र सिंह गोल्डी ने जिला प्रशासन की तरफ से स्वच्छ कुरुक्षेत्र, मेरा कुरुक्षेत्र, मेरा अभियान पोस्टर का विमोचन किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के नागरिकों व अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई और विधिवत रूप से 24 अगस्त से 7 नवंबर तक 11 सप्ताह के स्वच्छता मिशन का शंखनाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा शहर यह तभी संभव हो सकेगा जब कुरुक्षेत्र का प्रत्येक नागरिक स्वैच्छा के साथ सरकार और प्रशासन का सहयोग करेगा। जब सभी मिलकर स्वच्छता मिशन को आगे बढाएंगे तो निश्चित ही स्वच्छ कुरुक्षेत्र का मिशन सफल होगा। इस मौके पर हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा,उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी, सुभाष कलसाना, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, एसडीएम अभिनव सिवाच, सीईओ केडीबी पंकज सेतिया, चेयरमैन मदन मोहन छाबडा, उपेन्द्र उपस्थित रहे।



#### नगर परिषद के 32 वार्डों में कमेटियों का गठन

स्वच्छता मिशन 2025 के तहत कुरुक्षेत्र के हर गली, माहौल्ले को स्वच्छ बनाने के लिए एक जन आंदोलन चलाया जाएगा। इस मिशन को पूरा करने के लिए पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा के नेतृत्व में थानेसर नगर परिषद के 32 वार्डों में कमेटियों का गठन कर दिया गया है। इस मिशन को सफल बनाने के लिए उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा और तमाम प्रशासनिक अधिकारियों ने योजना तैयार कर ली है। सभी अधिकारी इस 11 सप्ताह में दिन रात एक करके कुरुक्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे ताकि कुरुक्षेत्र देश का सबसे स्वच्छ शहर बन सके।

---

डबवाली में बोले मुख्यमंत्री सैनी

## सवाल उठाने वाले जानते हैं उनके समय में कानून-व्यवस्था का दिवालिया पिटा हुआ था

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष के पास आज कोई ठोस मुद्दा नहीं है। जो लोग कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं, वे जानते हैं कि उनके शासनकाल में कानून-व्यवस्था का दिवालिया पिटा हुआ था। उस समय यदि किसी बेटी के साथ कोई घटना हो जाती थी तो एफआईआर तक भी दर्ज नहीं की जाती थी। इसके विपरीत, वर्तमान सरकार के समय में पुलिस गति से काम कर रही है। यदि किसी व्यक्ति ने कोई अपराध किया है तो पुलिस उसे सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री रविवार को सिरसा के डबवाली में आयोजित मैराथन के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र 27 अगस्त तक चलेगा, जिसमें विभिन्न विधेयक लाए जाएंगे और विधायी कार्य होंगे।



#### पारदर्शिता का प्रयास

संसद में लाए गए विधेयक के संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार का प्रयास है कि समाज में पारदर्शिता आए और जनता को राजनीतिक दलों व नेताओं पर विश्वास हो। अन्यथा स्थिति यह हो जाती थी कि लोग जेल के भीतर से भी चुनाव जीत जाते हैं। इसी कारण केंद्र सरकार यह विधेयक लेकर आई है ताकि लोकतंत्र में पारदर्शिता और विश्वास को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

---

## वर्षों से नियमितीकरण और वेतन सुधार की प्रतीक्षा कर रहे 36 आरोही मॉडल स्कूलों के 250 शिक्षक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के 36 आरोही मॉडल स्कूलों में कार्यरत 250 से अधिक शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी अब भी नियमितीकरण और सातवें वेतन आयोग के लाभ की प्रतीक्षा कर रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज करने के बावजूद इन शिक्षकों को वर्षों से अस्थायी व्यवस्था में ही काम करना पड़ रहा है। आरोही मॉडल स्कूल स्टाफ एसोसिएशन के प्रधान मनोज कुमार ने बताया कि शिक्षक वर्ष 2013 से अनुबंध पर कार्यरत हैं, जबकि 2018 से स्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया लंबित है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई बार फाइलें मंगवाईं, समितियां गठित कीं, लेकिन हर बार मामला अधर में ही लटक गया। पंजाब, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में मॉडल स्कूलों के शिक्षकों को शिक्षा विभाग में शामिल कर स्थायी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। हरियाणा में यह प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

ध्यान दें

#### शानदार परिणामों के बावजूद अनदेखी

शिक्षकों की मेहनत का ही परिणाम है कि आरोही मॉडल स्कूलों के विद्यार्थियों ने जेईई मैन्स 2025 में शानदार प्रदर्शन किया। कई छात्रों ने आईआईटी, नीट और मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश पाया और राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान अर्जित किया। फिर भी शिक्षकों की मांगों पर कार्रवाई न होना उनके मनोबल को प्रभावित कर रहा है।

#### एनएचआरसी की दखलअंदाजी

गत माह राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने भी हरियाणा शिक्षा विभाग से स्पष्टीकरण मांगा था कि इतने वर्षों से अनुबंध पर कार्यरत शिक्षकों को मूलभूत अधिकारों से क्यों वंचित रखा जा रहा है। हालांकि आयोग की नोटिस के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम सामने नहीं आया है।

#### ये हैं प्रमुख मांगें

- नियमितीकरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए
- सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतनमान लागू हो
- महिला शिक्षकों को सीसीएल सहित अन्य सुविधाएं दी जाएं
- स्थानांतरण नीति लागू की जाए, जिससे शिक्षकों को सरकारी स्कूलों में ट्रांसफर का अधिकार मिल सके

---

## सौंदर्यीकरण को लेकर पीएमडीए के सीईओ के. मकरंद पांडुरंग ने किया का औचक निरीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंचकूला को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं स्मार्ट बनाने की दिशा में नगर प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पंचकूला मेट्रोपोलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के. मकरंद पांडुरंग ने नगर निगम आयुक्त तथा पीएमडीए, एमसीपी, एचएसवीपी और ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों के साथ पंचकूला शहर की सभी मुख्य सड़कों, चौकों और प्रमुख पार्कों निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान के. मकरंद पांडुरंग ने रोड-गली की सफाई, सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों की कटाई, ट्रैफिक अवरोधक जंक्शनों की पहचान एवं समाधान, ग्रीन बेल्ट और पार्कों में वृक्षारोपण पर विशेष जोर दिया।

#### सड़कों की नियमित सफाई हो

के. मकरंद पांडुरंग ने एमसीपी को निर्देश दिए कि सड़कों की सही और नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा कचरा एकत्र करने के लिए ऐसे स्थान चिन्हित किए जाएं, जिससे जनता को और यातायात में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने हर्बल पार्कों का निरीक्षण करते हुए अतिरिक्त शौचालयों का निर्माण एवं मौजूदा शौचालयों के नवीनीकरण के भी निर्देश दिए। उन्होंने कॉन्ट्रैक्ट एजेंसी को सख्त आदेश दिए कि आवंटित सभी सिविल कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता मानकों के साथ पूरे किए जाएं।



**पंचकूला।** निरीक्षण करते पीएमडीए के सीईओ के. मकरंद पांडुरंग।

#### अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पार्क विकसित हों

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ताऊ देवी लाल पार्क पहुंचे और सेक्टर 3/21, 20/21, 24/25, 25/26, 26/27, 27/28 तथा सेक्टर 23 की सभी सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने एचएसवीपी के साथ विकसित किए जा रहे मल्टी स्पेशलिस्ट पार्क का भी दौरा किया। उन्होंने इस पार्क के कार्य में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और मुख्य अभियंता, एचएसवीपी को निर्देश दिए कि इस पार्क का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। पार्क अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित हों।

#### डिवाइडिंग रोड पर सेंसर आधारित दो ट्रैफिक लाइट

इस दौरान ट्रैफिक पुलिस की मांग पर, सीईओ ने सेक्टर-20 और 21 की डिवाइडिंग रोड पर सेंसर आधारित दो ट्रैफिक लाइट लगाने की भी स्वीकृति भी दी गई। उन्होंने मुख्य अभियंता, एचएसवीपी को यह भी निर्देश दिए कि गोल्फ क्लब के पास पुल पर क्षतिग्रस्त 'मैस्टिक अस्फॉल्ट' को भी तुरंत दुरुस्त किया जाए।

---

### हरियाणा में पूर्व विधायकों की बल्ले-बल्ले, कई राज्यों से ज्यादा पेंशन-भत्ते

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन प्रदेश के संसदीय कार्यमंत्री महिपाल ढांडा द्वारा सदन में हरियाणा विधानसभा (सदस्यों का वेतन, भत्ता और पेंशन) संशोधन विधेयक, 2025 पेश किया गया, जिसके द्वारा मूल कानून अर्थात हरियाणा विधानसभा (सदस्यों का वेतन, भत्ता और पेंशन) अधिनियम, 1975 की धारा 7(सी) में संशोधन मार्फत प्रदेश के हर पूर्व विधायक के स्वयं अथवा उसके पारिवारिक सदस्यों के लिए देश में कहीं भी यात्रा करने के लिए प्रतिमाह दस हजार रुपये विशेष यात्रा भत्ते के तौर पर दिए जाने का प्रावधान है।

चूंकी इस विधेयक पर प्रमुख विपक्षी कांग्रेस पार्टी भी ऐतराज नहीं उठाएगी, जिससे अगले सप्ताह सदन से पारित होने एवं तत्पश्चात राज्यपाल की स्वीकृति मिलने बाद उपरोक्त संशोधन विधेयक कानून के तौर पर लागू हो जाएगा। हाईकोर्ट एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि दो माह पूर्व 26 जून को हरियाणा कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के हर पूर्व विधायक को स्पेशल ट्रेवलिंग अलाउंस के तौर पर प्रतिमाह दस हजार देने का निर्णय लिया गया था जिसे अब कानूनी जामा पहनाया जा रहा है।

---

## पंजाब विश्वविद्यालय में 'प्रकृति वंदन' फलदार पौधे लगाए, पेड़ों को राखी बांधी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, चंडीगढ़ के सहयोग से प्रकृति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करना और सतत जीवनशैली के महत्व को रेखांकित करना था। इस अवसर पर डॉ. अमित चौहान, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर, उनकी पत्नी डॉ. सरोज बाला, डॉ. सुमन मोर, जीएच-1 वार्डन डॉ. अंजु गोयल, जीएच-2 वार्डन डॉ. पापिया मुखर्जी, सदस्य डॉ. प्रदीप शर्मा और प्रशांत विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राध्यापक, स्टाफ और विद्यार्थी भी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं के पाठ से हुई, जिसने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य गतिविधियों में फलदार पौधों का रोपण, पेड़ों को राखी बांधना, धरती माता, जल तत्व और जीव-जन्तु संरक्षण का वंदन शामिल था।



### विधानसभा के मंडलों की कार्यकारिणी बैठक हुई

**पंचकूला।** भाजपा अब जिले के सभी सांगठनिक मंडलों की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन कर रही है। रविवार की सुबह माता मनसा देवी मंडल की कार्यकारिणी बैठक में पहुंचे अजय मित्तल ने दीप प्रज्वलित का बैठक का शुभारंभ किया। अजय मित्तल ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

## विस अध्यक्ष कल्याण ने शताब्दी वर्ष समारोह ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस में भाग लिया




**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने नई दिल्ली में आयोजित "शताब्दी वर्ष समारोह – ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस" में भाग लिया। यह सम्मेलन वीर विठ्ठलभाई जे पटेल, प्रथम निर्वाचित भारतीय स्पीकर की स्मृति को समर्पित है। वे 1925 में भारतीय विधान परिषद के प्रथम भारतीय अध्यक्ष चुने गए थे।

उन्होंने संसदीय प्रणाली में अनेक सुधारात्मक प्रयास किए, जो आज भी भारतीय विधान मंडलों के लिए मार्गदर्शक साबित हो रहे हैं। इस उपलक्ष्य में दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में देशभर के विधान मंडलों के पीठासीन अधिकारियों और सांसदों ने भागीदारी की। सम्मेलन से पूर्व विस अध्यक्ष ने हरविन्द्र कल्याण ने केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल से उनके दिल्ली स्थित आवास पर भेंट की। विधानसभा अध्यक्ष ने मनोहर लाल से मार्गदर्शन प्राप्त किया तथा राज्य एवं राष्ट्रहित में सहयोगी दृष्टिकोण पर चर्चा की।

- सम्मेलन वीर विठ्ठलभाई जे पटेल, प्रथम निर्वाचित भारतीय स्पीकर की स्मृति को समर्पित
- राज्य एवं राष्ट्रहित में सहयोगी दृष्टिकोण पर चर्चा की।

---

मानसून सत्र के दूसरे दिन कानून व्यवस्था को लेकर होगी लंबी चर्चा

# विधानसभा सत्र में आज फिर हंगामे के आसार

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के मॉनसून सत्र का सोमवार को दूसरा दिन होगा, इस बार पिछले एक दशक में पहली बार कांग्रेसी विधायक इतने आक्रामक दिखाई दिए जिन्होंने पहले दिन कार्यवाही को चलने ही नहीं दिया औऱ सारा कामकाज रोक कर काम रोको प्रस्ताव को लेकर कानून व्यवस्था पर तुरंत ही चर्चा कराने की मांग रखी। शुक्रवार को देर शाम विस अध्यक्ष ने यह मांग मान ली और सोमवार को इस पर चर्चा कराए जाने को लेकर सहमति दे दी।

शनिवार और रविवार को अवकाश होने के साथ ही सोमवार को दोपहर बाद दो बजे सत्र की शुरुआत होगी। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सहमति दिए जाने के साथ ही यह भी तय हो गया है कि अब राज्य की कानून व्यवस्था पर विधानसभा के अंदर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

कानून व्यवस्था को लेकर जहां कांग्रेस की ओर से विधायिका गीता भुक्कल ने अपनी पार्टी के विधायकों की ओर से काम रोको प्रस्ताव दिया था। इसके साथ ही प्रश्नकाल चलाने की तैयारी कर रहे विस अध्यक्ष ने प्रश्नकाल के बाद में कानून व्यवस्था पर चर्चा कराने की बात कही थी लेकिन विपक्षी कांग्रेसी सदस्य अड़ गए और जमकर हंगामा, नारेबाजी व वेल में पहुंचकर पहले दिन की कार्यवाही नहीं चलने दी थी। जिसके कारण स्पीकर को सर्वदलीय बैठक बुलाकर शांति बनाए रखने और कार्यवाही चलने देने की अपील करनी पड़ी। कुल मिलाकर सोमवार को भी दोपहर बाद में पहले प्रश्नकाल और शून्यकाल चलेगा, जिसके बाद में राज्य की कानून व्यवस्था पर चर्चा होगी। जबकि सत्तापक्ष की ओऱ से भी राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर जलाब देने की तैयारी कर ली गई है।

#### विस अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल से मिले



हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण मानसून सत्र की शुरुआत करने के साथ शनिवार और रविवार को अवकाश के कारण दिल्ली में जाकर केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल से मिले यह मुलाकात।दिल्ली स्थित केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर से उनके आवास पर मिले। पता लगा है कि इस अवसर पर उनसे विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई और मार्गदर्शन प्राप्त किया।

#### शिक्षिका मामले में मांग अनुसार जांच सीबीआई को दी

सीबीआई को पूरे मामले में राज्य सरकार ने परिवार की मांग पर जांच सौंप दी है। बताया जा रहा है कि पूरे का ब्योरा, दस्तावेज आदि दस दिनों के अंदर सीबीआई को सौंप दिए जाएंगे। इसके अलावा मृतका के पिता ने भी उसकी बेटी के मामले में सियासत न हीं करने की अपील विभिन्न दलों से करते हुए, राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों से सहमति जाहिर की है।

#### कांग्रेस में नहीं हो सका फैसला, इस बार भी बिना नेता विपक्ष सत्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा का मानसून सत्र से पहले इस बार कांग्रेस विधायकों को पूरी उम्मीद थी कि नेता विपक्ष इसके पहले ही चुन लिया जाएगा, साथ ही सदन के अंदर मजबूती के साथ में लड़ाई लड़ी जाएगी, लेकिन नतीजा वही ढाक ते तीन पात निकला। इस बार का सत्र भी बिना नेता प्रतिपक्ष के ही संचालित हो रहा है। इससे पहले मार्च में बजट सत्र भी नेता प्रतिपक्ष के बिना ही संपन्न हुआ था। विधानसभा में कांग्रेस के पास 37 विधायक और संख्या बल के आधार पर नेता प्रतिपक्ष का पद कांग्रेस को मिलना तय है। लेकिन कांग्रेस अभी तक अपने विधायक दल के नेता का चयन नहीं कर सकी है। इसकी वजह पार्टी के भीतर जारी गुटबाजी और खींचतान बताई जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा नेता प्रतिपक्ष पद के प्रमुख दावेदार हैं, उनके साथ में विधायक भी बड़ी संख्या में हैं, लेकिन रणदीप सुरजेवाला और कुमारी सैलजा किसी भी सूरत में नहीं चाहते कि इस बार भी जिम्मेदारी हुड्डा को दी जाए।

#### विस में लाया गया प्रिविलेज वापस लेंगे अशोक अरोड़ा

**चंडीगढ़।** थानेसर नगर परिषद की बैठक के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के साथ में हुई धक्का मुक्की हाथापाई का मामला भले ही विधानसभा मानसून सत्र के पहले दिन देर शाम को गूंजा था, लेकिन मामले को लगातार टाले जाने और भाजपा नेताओं द्वारा आरोपितों का बचाव करने का आरोप लगाते हुए अरोड़ा ने अपनी शिकायत वापस लेने की बात सत्र के पहले ही दिन बाहर आते ही कही है। अशोक अरोड़ा ने 22 अगस्त की देर शाम को साफ कर दिया कि मुख्यमंत्री सैनी से लेकर सभी नेता आरोपितों का बचाव करने उतर गए हैं। उन्होंने कहा कि वे अपनी शिकायत वाली याचिका का वापस लेने का फैसला कर चुके हैं, क्योंकि उन्हें अब न्याय मिलने की उम्मीद नहीं हैं। अरोड़ा ने जब यह दावा किया, उस वक्त उनके साथ में पूर्व सीएम और कार्यवाहक नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुडडा, विधायक गीता भुक्कल भी मौजूद थे।



---

युवा मामले एवं खेल मंत्रालय
प्रदान करता है
राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2024

पुरस्कार के उद्देश्य :
- नवयुवकों (आयु 15-29 वर्ष के बीच) को राष्ट्रीय विकास अथवा समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करना।
- अच्छे नागरिकों के रूप में समुदाय के प्रति उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना।
- राष्ट्रीय विकास और/अथवा समाजसेवा के लिए युवाओं के साथ काम करने वाले स्वयंसेवी संगठनों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य को मान्यता प्रदान करना।

पुरस्कार वर्णन :
- यह पुरस्कार स्वास्थ्य, अनुसंधान एवं नवाचार, संस्कृति, मानवाधिकारों, कला और साहित्य, पर्यटन, पारंपरिक औषधि, सक्रिय नागरिकता, सामुदायिक सेवा, खेल और शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं स्मार्ट लर्निंग का संवर्धन जैसे विकास गतिविधियों और समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं के लिए पहचान योग्य उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया जाएगा।
- पुरस्कारों की संख्या: 25
- व्यक्तिगत श्रेणी के लिए अधिकतम 20 पुरस्कार
- युवा संगठन श्रेणी के लिए अधिकतम 5 पुरस्कार
- व्यक्तिगत पुरस्कार - पदक, प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार राशि रु. 1,00,000/-
- स्वैच्छिक युवा संगठनों को पुरस्कार - पदक, प्रमाणपत्र और 3,00,000/- रु. की पुरस्कार राशि

आवेदन करने की अंतिम तिथि : 31 अगस्त, 2025
वेबसाइट : https://awards.gov.in/ पर पधारें
राष्ट्रीय युवा पुरस्कार 2024 के लिए पात्रता, आवेदन प्रारूप और आवेदन जमा करने हेतु
सीबीसी-47107/11/0007/2526

# कंटेनर डिपो से छोड़ा बरसाती पानी गोविंदपुरी में घुसा, मकानों में दरारें, अंडरपास भी डूबा

■ रेलवे फ्रेट कॉरिडोर में कंटेनर डिपो ■ ग्रामीणों ने लिखा प्रबंधन को पत्र ■ समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

आदर्श शर्मा ▶▶ खोरी (रेवाड़ी)

गोविंदपुरी गांव के पास रेलवे फ्रेट कॉरिडोर पर बने एक प्राइवेट कंपनी के कंटेनर डिपो में एकत्रित होने वाला बरसाती पानी ग्रामीणों के लिए आफत बना हुआ है। यह पानी ग्रामीणों के घरों तक में घुस जाता है, जिससे कई मकानों में दरारें तक आ गई हैं। यह पानी अंडरपास में भी पहुंच जाता है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत ने डिपो प्रबंधन को समस्या के समाधान के लिए पत्र लिखा है। सरपंच प्रमिला देवी की ओर से डीपी वर्ल्ड कंपनी के डिपो प्रबंधक को लिखे पत्र में बताया गया है कि बरसात के बाद डिपो के यार्ड से भारी मात्रा में पानी छोड़ दिया जाता है। पानी गांव की गलियों से होते हुए लोगों के घरों तक में पहुंच जाता है। बीते शनिवार को हुई बारिश के बाद भी यार्ड से पानी छोड़ दिया गया, जो रेलवे अंडरपास व लोगों के घरों में घुस गया। इससे घरों में रखा सामान तक खराब हो गया। मकानों में सीलन व दरारें आ गई हैं। सरपंच ने पत्र में बताया कि यार्ड का पानी कई दिनों तक गांव में भरा रहता है, जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है। गांव की गलियों से निकलना मुश्किल बना रहता है। प्रबंधन को इस बारे में कई बार अवगत कराया जा चुका है, परंतु अभी तक समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। यार्ड के पानी से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सरपंच ने डिपो प्रबधंन से समस्या के समाधान की मांग की है।


रेवाड़ी। गोविंदपुरी में एकत्रित पानी दिखाते हुए ग्रामीण।


रेवाड़ी। अंडरपास में फंसी कार निकालते हुए लोग।


कंटेनर डिपो

## गांव में पानी घुसने से घरों में रखा समान बर्बाद

ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में हुई बारिश के बाद कंटेनर डिपो के यार्ड से भारी मात्रा में पानी छोड़ दिया गया। यह पानी सुरेन्द्र यादव, गजेन्द्र कुमार, राज सिंह, कृष्ण कुमार, हरिओम यादव, राजेंद्र यादव व सुनील आदि ग्रामीणों के घरों में घुस गया। इससे उनके घर में रखा सामान तक खराब हो गया है। आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीणों के लिए नुकसान झेलना आसान नहीं है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर बार-बार छोड़े जाने वाले पानी की समस्या का पुख्ता हल नहीं निकाला गया, तो वह सड़क पर आने को मजबूर हो जाएंगे।

## अंडरपास की हालात भी खराब

ग्रामीणों ने बताया कि जैसलमेर हाइवे से गांव को जोड़ने वाले रेलवे अंडरपास में भी डिपो के यार्ड का पानी एकत्रित हो जाता है। इससे वाहनों और आम लोगों का निकलना मुश्किल बन जाता है। फ्रेरट कॉरिडोर लाइनों से बड़ी संख्या में तेज गति से मालगाड़ियां गुजरती हैं। अंडरपास में पानी एकत्रित होने के बाद लोगों को रेलवे लाइन क्रॉस करते हुए गांव या मेन रोड तक पहुंचना पड़ता है।

## गाड़ी फंसने के बाद खतरे में जान

बारिश होने के बाद रेलवे अंडरपास में एकत्रित पानी जानलेवा भी साबित हो सकता है। गत शनिवार को बारिश के बाद खोरी अंडरपास में एकत्रित पानी में फंसी एक कार बंद होने के बाद उसमें सवार लोगों की जान पर बन आई। गाड़ी के चारों दरवाजे लॉक हो गए। आसपास के लोगों ने पानी में घुसकर कार को बाहर निकालते हुए उसमें सवार लोगों की जान बचाई।

## कई बार दर्ज करा चुके शिकायत



कंटेनर डिपो प्रबंधन को पहले भी समस्या के बारे में कई बार अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद ग्रामीणों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। एक बार फिर से प्रबंधक को पत्र लिखा गया है। अगर समाधान नहीं होता है, तो आगे की रणनीति पर भी जल्द विचार जाएगा।

-**प्रमिला देवी**, सरपंच, गोविंदपुरी

## खबर संक्षेप

### मोबाइल टावर से रिमोट रेडियो यूनिट चोरी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव भोड़ाकला में एक मकान की छत पर लगे मोबाइल टावर से रेडियो रिमोट यूनिट चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कंपनी के सिक्योरिटी सुपरवाइजर की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रेवाड़ी निवासी अविन कुमार सिक्योरिटी सुपरवाइजर ने बिलासपुर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि भोड़ाकला में योगेश के मकान पर मोबाइल टावर लगा हुआ है। जिसकी निगरानी के लिए वह फिल्ड ऑफिसर है। गत 18 अगस्त की सुबह करीब 7 बजे मोबाइल टावर से अज्ञात व्यक्ति आरआरयू चोरी कर ले गया।

### फाइन आर्ट्स के छात्र ने होटल में फंदा लगाया

**गुरुग्राम।** सेक्टर 50 इलाके के ऑक्टेव निर्वाणा सूइट होटल से एक युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान सेक्टर 44 की कन्हई एनक्लेव के रहने वाले हनी के रूप में हुई है। हनी फाइन आर्ट्स की पढ़ाई कर रहे थे और इसको लेकर मानसिक तनाव में था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। सुशांत लोक थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि हनी नाम का एक युवक लापता है। परिजन ने बताया था कि उसने कॉल कर आत्महत्या करने की बात कही थी। पुलिस ने उसके मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रैक की तो वह सेक्टर 50 के ऑक्टेव नर्वाना सूइट होटल की मिली। पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तो वहां उसकी बाइक खड़ी मिली। इसके बाद पुलिस को होटल के कमरे से हनी का शव मिला। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला कि हनी ओपन डिस्टेंस लर्निंग के जरिए फाइन आर्ट्स की पढ़ाई कर रहा था और पढ़ाई से संबंधित तनाव में था। उसने आत्महत्या से पहले अपनी माँ और भाई को कॉल किया था। पुलिस ने इसे आत्महत्या का मामला मानकर कार्रवाई शुरू की है।

### पत्नी से झगड़े के बाद पति ने दी जान

**गुरुग्राम।** मानेसर थाना क्षेत्र के सहरावण मोड के पास झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले एक युवक ने शनिवार की रात फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक युवक का उसकी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। झगड़े के बाद उसने पास ही बनी दूसरे झुग्गी में फंदा लगा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में पहुंचाया। युवक की पहचान दिल्ली के रघुवीर नगर स्थित टैगोर गार्डन निवासी सन्नी (23 वर्ष) के रूप में हुई है। वह पिछले कई साल से गुरुग्राम में रह रहा था। मृतक सन्नी की पत्नी पूजा ने पुलिस को बताया कि शनिवार की शाम उसकी अपने पति सन्नी के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसके बाद सन्नी पास में खाली पड़ी झुग्गी में चला गया था। बाद में उसका शव मिला

## अंबाला कैंट में पंजाब रोडवेज के बस चालक व परिचालक पर हमला

■ कार सवार बदमाशों ने डंडों व तेजधार हथियार से किया हमला

■ दोनों कर्मचारी बुरी तरह जख्मी, पीजीआई रेफर

**अंबाला।** अंबाला कैंट बस स्टैंड के निकट पंजाब रोडवेज बस के चालक व परिचालक पर कार सवार चार बदमाशों ने डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। बदमाशों ने बस के आगे कार खड़ी करने के बाद पहले परिचालक पर हमला कर दिया। जब चालक भी बीच बचाव करने आया तो बदमाशों ने बस में ही घुसकर दोनों की जमकर पिटाई कर दी।इस बीच दिल्ली से जालंधर को जाने वाली बस में सवार सवारियां भी सहम गई। उन्होंने बीच बचाव कर मामले को शांत करवाया।

हमलावरों के फरार होने के बाद घायल चालक लुधियाना के विकास व पटियाला के हरदीप को उपचार के लिए कैंट के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने दोनों को चंडीगढ़ पीजीआई भेज दिया गया। बस की सवारियों को दूसरी बस की मदद से उनकी मंजिल तक पहुंचाया। घायल विकास ने बताया कि मामूली सी बहस के बाद पहले एक कार चालक ने दो पर हमला कर दिया था। बाद में दूसरी कार सवार दो और साथी आ गए थे। हमलावर टैक्सी चालक बताए जा रहे हैं। घायल विकास के चेहरे व हरदीप के सिर पर गहरी चोट आई है।

# प्रतिबंधित दवाइयां सप्लाई करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**कैथल।** नशा कारोबार पर शिकंजा कसते हुए जिला पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। बीते 21 अगस्त को एंटी नारकोटिक सैल कैथल द्वारा नानकपुरी कॉलोनी खुराना रोड निवासी विक्रम को 23,600 नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया गया था। मामले की गहन जांच के दौरान अब पुलिस ने विक्रम को सप्लाई करने वाले आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विक्रम का 2 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया था। थाना शहर में दर्ज मामले की आगामी जांच एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एस आई राजबीर सिंह की अगुवाई में एसआई बलराज सिंह द्वारा करते हुए विक्रम से की गई पूछताछ में सामने आया था कि विक्रम ने कुछ गोलियां अर्जुन नगर कैथल निवासी जसमेर व कुछ दवाइयां खुराना रोड निवासी साहिल से खरीदी थीं। आरोपी साहिल को पहले ही एक अन्य मामले में नशीली गोलियों सहित सीआईए-1 पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। आगे की जांच में खुलासा हुआ कि जसमेर ने गोलियां कुचराना कलां जिला जींद निवासी गोपाल किशन से खरीदी थीं और गोपाल ने यह दवाइयां दशमेश कॉलोनी निवासी प्रगट सिंह से खरीदी थीं। पुलिस ने आरोपी जसमेर, गोपाल किशन व प्रगट सिंह को काबू कर लिया। आरोपियों के कब्जे से क्रमश 5,500 , 4,500 व 5,000 रुपये ड्रग मनी भी बरामद हुई।

# गुरुग्राम में ऑडी की टक्कर में ईको पलटी

**गुरुग्राम।** राजीव चौक अंडरपास में रविवार की अलसुबह करीब तीन बजे ऑडी कार ने आगे चल रही इको गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि इको गाड़ी पलट गई। इस हादसे में दोनों वाहनों में काफी नुकसान हुआ है। हालांकि इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को कोई शिकायत नहीं की है। रविवार की सुबह सोहना से गुरुग्राम की ओर वाले अंडरपास में एक इको गाड़ी आ रही थी। जब वह राजीव चौक के अंडरपास में पहुंची तो पीछे से तेज रफ्तार ऑडी कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑडी की टक्कर से इको गाड़ी पलट गई और दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। ऑडी कार व इको गाड़ी में चालक ही मौजूद थे। इस हादसे में दोनों को हल्की चोटें आईं। बताया जा रहा है कि ऑडी कार चालक नशे में था। पुलिस चौकी नाहरपुर के प्रभारी अनिल ने बताया कि इस संबंध कोई शिकायत नहीं मिली है। दोनों पक्षों ने अपने स्तर पर ही मामला सुलझा लिया है। ऐसे में पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। अगर शिकायत आई तो कार्रवाई करेंगे।

# केरल के चिकित्सक को नशीला पदार्थ सुंघाकर सामान ले भागा कैब चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

■ मोबाइल, 12 हजार नकदी भरा पर्स व कपड़ों ले गया आरोपी

रादौर में केरल के तिरुवनंतपुरम निवासी डॉ. जी किरन जशुवा से नशीला पदार्थ सुंघाकर कैब चालक 12 हजार की नकदी भरा पर्स, कपड़ों से भरा बैग व मोबाइल ले गया। घटना 22 अगस्त की देर रात में हुई। इसमें डॉक्टर जी किरन जशुवा की शिकायत पर थाना रादौर पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार रादौर पुलिस को दी शिकायत में केरल के तिरुवनंतपुरम निवासी डॉ. जी किरन जशुवा ने बताया कि वह यमुनानगर के रादौर में किसी काम से आया था। इस दौरान उसने कैब बुक कर रखी थी। आरोपी कैब चालक उसे नशीला पदार्थ सुंघा कर उसका मोबाइल, उसका पर्स जिसमें 12 हजार रुपए थे तथा कपड़ों से भरा बैग चोरी करके ले गया। जब उसे होश आया तो उसने खुद को सड़क किनारे पड़ा मिला। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी उधर, जांच अधिकारी विजय ने बताया कि शिकायतकर्ता ने स्वयं को केरल के तिरुवनंतपुरम का निवासी बताया है। पर वह यहां रादौर किस तरह आया। इस बारे में उसने कुछ नहीं बताया। साथ ही वह अपने मोबाइल नंबर के अलावा कोई अन्य नंबर नहीं बता पाया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालेंगे, जिससे पूरी घटना का पता चल पाए।

## स्कूटी की डिग्गी से सामान चोरी करने का प्रयास

रादौर के महाराणा प्रताप पार्क के बाहर खड़ी स्कूटी की डिग्गी से युवक ने सामान चोरी करने का प्रयास किया। तभी यहां स्कूटी लेकर आई सिली कलां निवासी चेतना कांबोज की उस पर नजर पड़ गई। शोर मचाने पर युवक भाग गया। चेतना कांबोज ने शिकायत थाना रादौर पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# प्रदेश के कॉलेजों में पीजी की सीटें पड़ी रिक्त डीएचई ने बंद किया पोर्टल, विद्यार्थी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

■ विवि व कॉलेजों में 40% से ज्यादा सीटें रिक्त

प्रदेश के कॉलेजों में मास्टर डिग्री के विभिन्न विषयों में अनेक सीटें खाली पड़ी हैं। छात्र भी दाखिले के लिए कॉलेजों के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन प्रदेश के हायर एजुकेशन विभाग द्वारा पोर्टल बंद कर देने से सैंकड़ों छात्र मास्टर डिग्री में एडमिशन लेने से वंचित हो रहे हैं। फतेहाबाद के भोडिय़ाखेड़ा स्थित चौ. मनीराम गोदारा राजकीय महिला पीजी महाविद्यालय में 40 फीसदी स्नातकोत्तर की सीटें आज भी खाली पड़ी है।

इस बारे कॉलेज प्रिंसीपल का कहना है कि पोर्टल खुलने के बाद ही छात्र एडमिशन ले पाएंगे। पिछले कई दिनों से प्रदेश के कॉलेजों में यूजी और पीजी के लिए एडमिशन प्रक्रिया चल रही है। यूजी कोर्सों के लिए पोर्टल 28 अगस्त तक खुला है, जिसमें छात्र प्रवेश ले भी रहे हैं लेकिन पीजी कोर्सों में प्रवेश के इच्छुक छात्रों के लिए इस समय पोर्टल बंद हैं जिस कारण वह एडमिशन लेने से वंचित रह रहे हैं। दरअसल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में एडमिशन के लिए लंबी प्रक्रिया होती है।

जून-जुलाई में जब स्नातक के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए तो छात्रों ने पीजी में एडमिशन लेने के लिए अपने मनपसंद कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में आवेदन किए। सभी विश्वविद्यालयों में अलग-अलग तारीखों को वेटिंग लिस्ट लगी और उसके बाद फिजीकल काउंसलिंग का दौर शुरू हुआ जोकि अब तक जारी है। जिससे शिक्षा सत्र भी प्रभावित हो रहा है।


**फतेहाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय भोड़ियाखेड़ा।

## पसंदीदा कॉलेज व कोर्स नहीं मिल रहे

इस बीच सिरसा स्थित सीडीएलयू से सम्बंध कॉलेजों में पोर्टल बंद कर दिया गया। इसी तरह हिसार स्थित गुरू जम्भेश्वर तकनीकी विश्वविद्यालय में भी पोर्टल पहले ही बंद हो चुका है। पीजी में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों का जब अपने पसंदीदा विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं हुआ तो उन्होंने अन्य विश्वविद्यालयों की तरफ रूख किया लेकिन यहां उन्हें पोर्टल बंद मिला। उदाहरण के तौर पर पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़, बीएचयू बनारस, डीयू दिल्ली, केयू व एमडीयू में पोर्टल बंद है। हालांकि यहां पर 40 से 50 फीसदी सीटें खाली पड़ी है।

## सात विषयों में करीब 40 फीसदी सीटें खाली

पीजी के लिए सात विषयों में करीब 40 फीसदी सीटें रिक्त है। इससे पहले ही पोर्टल बंद हो गया। हालांकि छात्राएं एडमिशन के लिए आ रही हैं। हमने डीएचई को पोर्टल खोलने के लिए रिक्वेस्ट भेजी हुई है। उम्मीद है पोर्टल शीघ्र खुल जाएगा। -**डॉ. लखबीर कौर**, प्राचार्या, चौ. मनीराम राजकीय महिला महाविद्यालय भोडियाखेड़ा



